3529. [*Transferred* to *27th August,* 1993]

उत्तर प्रदेश में मिट्टी के तेल के डिपो और उचित दर दुकानें

3530. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार के पास मिट्टी के तेल के डिपो और उचित दर दुकानों का आवंटन करने के लिए कितने आवेदन पत्र विचाराधीन हैं;

(ख) इस संबंध में जिला-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन मामलों को कब तक निपटाये जाने की संभावना है ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि

2531. श्री अजीत जोगी :
चौधरी हरि सिंह :

क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छदम कृषक आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि की लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार हैं, जैसा कि 7 फरवरी, 1992 के, "हिन्दुस्तान टाइम्स" में समाचार प्रकाशित हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) क्या सरकार सही और छदम कृषकों के बीच अन्तर करने के लिये कोई कदम उठायेगी ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) से (घ) यह मंत्रालय 7 जनवरी, 1992 के हिन्दुस्तान टाइम्स में परोक्षी किसानों के बारे में छपी रिपोर्ट से वाकिफ है । खुले बाजार में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में विभिन्न कारणों से बाधा पहुंची है, जिनमें किसानों द्वारा अपनी आवश्यकता की तुलना में इन वस्तुओं को बड़ी अधिक मात्रा में रोक लेना भी शामिल है । इस तरह की गतिविधि सामान्य मांग व आपूर्ति-प्रबंध में असंतुलन पैदा करती है । इस मंत्रालय को परोक्षी किसानों द्वारा आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी के बारे में कोई विशिष्ट रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई हैं । तथापि, सरकार आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को उचित सीमाओं के भीतर नियंत्रित रखने के लिये वचनबद्ध है । आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा अन्य इसी प्रकार के कानूनों के तहत सख्त कार्यवाही की जा रही है । राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से कहा गया है कि वे इन कानूनों का इस्तेमाल उन व्यक्तियों के विरुद्ध करें जो समाज-विरोधी गतिविधियों, जिसमें जमाखोरी व चोरबाजारी आदि शामिल हैं, में लगे हैं ।

State of Public Distribution system in Kutch District

3532. SHRI ANANTRAY DEV-SHANKER DAVE;
SHRI GOPALSINH G. SOLANKI:

Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) what is the number of fair price shops at present under Public Distribution System in Kutch District of Saurashtra region gf Gujarat;